
दीक्षारंभ समारोह
सत्र 2026-27
दिनांक ०२ ०७ २०२६
दीक्षारंभ समारोह
सत्र 2026-27
GPS Map Camera
Narmadapuram, Madhya Pradesh, India
Qp2f+q5w, Narayan Nagar, Narmadapuram, Madhya Pradesh 461001, India
Lat 22.752029° Long 77.722979°
Thursday, 02/07/2026 01:31 PM GMT +05:30
Google


दीक्षारंभ समारोह
सत्र 2026-27
GPS Map Camera
Narmadapuram, Madhya Pradesh, India
Qp2f+j4f, Narayan Nagar, Narmadapuram, Madhya Pradesh 461001, India
Lat 22.751843° Long 77.722984°
Thursday, 02/07/2026 01:06 PM GMT +05:30
Google


दीक्षारंभ समारोह
सत्र 2026-27
दिनांक 02.07.2026
GPS Map Camera
Narmadapuram, Madhya Pradesh, India
Qp2f+q5w, Narayan Nagar, Narmadapuram, Madhya Pradesh 461001, India
Lat 22.752029° Long 77.722982°
Thursday, 02/07/2026 01:40 PM GMT +05:30
Google



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शास. नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम
दीक्षारंभ कार्यक्रम
सत्र 2026 - 27
PM COLLEGE OF EXCELLENCE
GOVT. NARMADA COLLEGE
NARMADAPURAM
Join NSS
GPS Map Camera
Narmadapuram, Madhya Pradesh, India
Qp2f+j4f, Narayan Nagar, Narmadapuram, Madhya Pradesh
461001, India
Lat 22.751738° Long 77.722894°
Friday, 03/07/2026 01:52 PM GMT +05:30
Google


प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शास. नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम
दीक्षारंभ कार्यक्रम
सत्र 2026 - 27
PM COLLEGE OF EXCELLENCE
GOVT. NARMADA COLLEGE
NARMADAPURAM
Join NSS
Shridhi 07/03/2026 14:00


दीक्षारंभ कार्यक्रम
सत्र 2026 - 27
CAMON 20
24mm f/1.7 1/33s ISO635

दैनिक भास्कर नर्मदापुरम भास्कर 02-07-2026

# पीएमश्री नर्मदा कॉलेज में दीक्षारंभ : नए विद्यार्थियों को कॉलेज से परिचय कराया



भास्कर संवाददाता | नर्मदापुरम

पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नर्मदा कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम का पहला दिन हुआ। नव प्रवेशित विद्यार्थियों को संस्थान की संस्कृति, शैक्षणिक ढांचे, परीक्षा प्रणाली की जानकारी दी गई।

उद्घाटन सत्र में प्राचार्य आर के चौकसे ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने कॉलेज के विजन-मिशन, पाठ्येतर गतिविधियों की जानकारी दी। आयोजन में डॉ. कमल वाधवा, डॉ. अमिता जोशी, डॉ. रवि उपाध्याय, डॉ. केजी मिश्र, डॉ. आलोक मित्रा, डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. सविता गुप्ता, डॉ. ममता गर्ग, डॉ. अंजना यादव, डॉ. नाहिद जहां, डॉ. यास्मीन खान, डॉ. प्रियंका राय, रेणुका ठाकुर सहित प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## कौशल विकास, इंटर्नशिप के बारे में किया जागरुक

डॉ मीना कौर ने बताया, अगले दो दिनों में छात्रवृत्ति, एनसीसी, एनएसएस, बहुविषयक शिक्षा प्रणाली, क्रेडिट, कौशल विकास, इंटर्नशिप, खेलकूद, ई-लाइब्रेरी, पुस्तकालय, युवा उत्सव, एंटी-रैगिंग सहित अन्य विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ संतोष अहिरवार ने किया।

नर्मदा महाविद्यालय में हुआ आयोजन

# दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन, कॉलेज कैंपस का कराया भ्रमण



नर्मदापुरम. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नर्मदा कॉलेज में तीन दिनी दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन रहा। इस दौरान नव प्रवेशित विद्यार्थियों को कॉलेज कैंपस की लाइब्रेरी, खेल प्रशाल और कॉन्फ्रेंस हॉल का भ्रमण कराया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. आरके चौकसे ने विद्यार्थियों से कहा कि दीक्षारंभ का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को पढ़ाई पैटर्न से परिचित करवाना ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों को यह बोध भी कराना कि आप अपने महाविद्यालय, प्रदेश और राष्ट्र को आगे बढ़ाने में कैसे अपना योगदान दे सकते हैं। आत्मनिर्भरता हर हाथ में कौशल, आत्म मूल्यांकन में निपुण और बहुआयामी विकास करना भी है।

इसी क्रम में डॉ. एस के दिवाकर ने एनएसएस की जानकारी देते हुए बताया कि नई शिक्षा नीति में तृतीय पेपर एमडीसी के अंतर्गत लिया जा सकता है। खेल अधिकारी डॉ. नरेंद्र पांडे ने खेलों की प्रासंगिकता और विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा टूर्नामेंट से अवगत कराया साथ ही विद्यार्थियों को खेल के प्रमाण पत्रों का महत्व भी समझाया। डॉ मीना कीर ने विभिन्न छात्रवृत्तियों पर विशेष जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. सविता गुप्ता, डॉ. ममता गर्ग, डॉ. प्रीती आनंद उदयपुरे, डॉ. एन आर अडलक, डॉ. दिवाकर महोबिया, डॉ. केशव मिश्रा, डॉ. दशरथ मीणा अधिक संख्या में नव प्रवेशित विद्यार्थियों उपस्थित रहे।

# दीक्षारंभ का उद्देश्य बच्चों को मार्गदर्शन के साथ सरल, सहज वातावरण देना



**नर्मदापुरम.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा कॉलेज में बुधवार को दीक्षारंभ कार्यक्र म का प्रथम दिन रहा। जिसका उद्देश्य नव प्रवेशित विद्यार्थियों को कॉलेज के नए माहौल में ढालने में मदद करना और उन्हें संस्थान की संस्कृति शैक्षणिक ढांचे व परीक्षा प्रणाली से परिचित कराना रहा। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डॉ. आर के चौकसे ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विजन और मिशन के साथ पाठ्येतर गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि दीक्षारंभ कार्यक्रम एक सनातन परंपरा जिसमें ज्ञान मूल्यों और परंपराओं को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम होता है। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ पर प्रकाश डालते हुए यह भी बताया कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों बीजारोपण के लिए इसकी स्थापना की है। प्राचार्य संवाद शैली में विद्यार्थियों से जुड़े उन्होंने विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे तथा उन्हें नशे से दूर रहने, झूठ नहीं बोलने और मानवीय मूल्यों के प्रति संवेदना बनाए रखने की समझाइश दी। डॉ. मीना कीर ने बताया अगले दो दिनों में छात्रवृत्ति, एनसीसी, एनएसएस, बहुविषयक शिक्षा प्रणाली, कौशल विकास, इंटर्नशिप खेलकूद,ई लायब्रेरी, पुस्तकालय, युवा उत्सव,एंटी रैगिंग आदि पर जानकारी दी जाएगी।